संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची
सत्र – (2020–2021)

कक्षा – दो **पाठ – 13** **पुस्तक– दिव्य भारती**
विषय– हिन्दी

सीखें

1. शब्दार्थ :–
   1) चंचल – नटखट
   2) भँवरा – भौंरा
   3) कल–कल – पानी के बहने की आवाज
   4) इठलाना – इतराना
   5) तरू – पेड़
   6) धीरज – सब्र

अभ्यास

2. प्रश्न – उत्तर :–

प्रश्न – 1. पानी कौन बरसाता है ?
उत्तर – पानी बादल बरसाता है।
प्रश्न – 2. जल की आवाज कैसी होती है ?
उत्तर – जल की आवाज कल–कल होती है।
प्रश्न – 3. फूल हमें क्या सिखातें हैं ?
उत्तर – फूल हमें मुसकाना सिखाते हैं।
प्रश्न – 4. 'सहनशील' बनने की शिक्षा किससे मिलती है ?
उत्तर – 'सहनशील' बनने की शिक्षा हमें पेड़ों से मिलती है।
प्रश्न – 5. धरती हमें क्या सिखाती है ?
उत्तर – धरती हमें धीरज रखना सिखाती है।

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–

(i) **सीखें फूलों** से मुसकाना।
इन चंचल **भवँरों–सा गाना**।।
हर दिन सूरज जैसे आना।
फिर चंदा–सा **सुख पहुँचाना**।।

(ii) **सदा हवा** जैसे लहराना।
बनकर **इंद्रधनुष इठलाना**।।
सहनशील तरू–सा बन जाना।
धरती–सा **धीरज रख पाना**।।

———————————— X ————————————